# जैन धर्म में 8 प्रतिहार्य तीर्थंकरों के साथ जुड़े शुभ लक्षण हैं : साध्वी शंखनिधि

- चातुर्मास में अष्ट प्रतिहार्य की प्रस्तुति पहली बार हुई
- साध्वी शंख निधि ने सभी अष्ट प्रतिहार्य के महत्व को बताया



**बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि के सानिध्य में रविवार को ढढ्ढा कोटड़ी में भगवान के अष्ट प्रतिहार्य महोत्सव में संगीतमय प्रस्तुति देते बच्चे।**

**बीकानेर,** (कासं)। आचार्य प्रवर जिन मणि प्रभ सूरिश्वर महाराज के आज्ञानुवर्ती गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर, मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंखनिधि के सानिध्य में रविवार को ढढ्ढा कोटड़ी में भगवान के अष्ट प्रतिहार्य महोत्सव व दोपहर में बच्चों का शिविर आयोजित किया गया।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से संघ के सहयोग से चातुर्मास में अष्ट प्रतिहार्य की प्रस्तुति पहली बार हुई। साध्वी शंख निधि ने सभी अष्ट प्रतिहार्य के महत्व को बताया। वहीं साध्वी वृंद के साथ सुनील पारख, ट्विंकल नाहटा व अरिहंत नाहटा ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति से श्रावक-श्राविकाओं को करीब सवा घंटे तक भाव विभोर रखा।

साध्वी शंख निधि म.सा. ने बताया कि आचार्य मानतुंग ने भक्तामर स्तोत्र के श्लोक 28 से 35 में इन अष्ट प्रतिहार्य (मंगल चिन्हों) का अद्भुत वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म में 8 प्रतिहार्य जैन धर्म के तीर्थंकरों के साथ जुड़े शुभ 8 लक्षण हैं। यह लक्षण तब प्रकट होते हैं, जब साधक केवल ज्ञान यानि पूर्ण ज्ञान प्राप्त करता है। आठ प्रतिहार्य में अशोक वृक्ष सहनशीलता और शांति का, सिंहासन शक्ति और अधिकार का, तीन छत्र तीनों लोकों का, चामर (चंवर) सांसारिक मोह-माया से मुक्ति का, भामंडल यह दिव्य प्रकाश का घेरा है, जो तीर्थंकर भगवान के चारों और फैला रहता है। देव दुंदुभि यह देवों की ओर से बजाया जाने वाला एक वाद्य यंत्र है, जो तीर्थंकर भगवान के आगमन की घोषणा करता है। पुष्पवृष्टि देवताओं की ओर से की जाने वाली फूलों की वर्षा है। दिव्य ध्वनि यह तीर्थंकर भगवान का शाश्वत सत्य संदेश है, जो सभी प्राणियों को सुनाई देता है।

साध्वी शंख निधि ने बताया कि अशोक वृक्ष, चौसठ चंवर, भाव मंडल, देव दुदुंभी वादन, तीन छत्र, पुष्प वृष्टि, दिव्य ध्वनि व सिंहासन ये परमात्मा की प्रतिमा के पास रखे जाते हैं। अष्ट मंगल मांगलिक द्रव्य है, जो किसी भी शुभ कार्य में रखे जाने चाहिए। इन्हें घर में भी रख सकते हैं। इनमें श्रृंगार झारी, बीजना (पंखा), कलश, दर्पण, चंवर, स्वास्तिक, ध्वजा और छत्र।

उन्होंने बताया कि परमात्मा की भक्ति में जुड़ने से श्रेष्ठ शक्ति से हम जुड़ते है। वास्तविक नृत्य परमात्मा के सामने चंवर लेकर भाव से नृत्य करने से संसार के सामने नाचना नहीं पड़ता। मोहनीय कर्म हटने पर सिद्धत्व की प्राप्ति होती है। तीन लोकों के नाथ परमात्मा से मेरा पन रखें। हर वक्त सोच व चिंतन रखे की परमात्मा मेरे तथा मैं परमात्मा का हूं। संगीतमय प्रस्तुति के दौरान हर साल शिखरजी में, तेरी एक हाजरी हो.. मुझे वहीं रोक लेना जब सांस आखरी हो.. आदि भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

ढढ्ढा कोटड़ी में रविवार को दो वर्गों में बच्चों का शिविर आयोजित किया गया। अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष मनीषा खजांची व मंत्री लीला बेगानी ने बताया कि 7 से 12 वर्ष तक के बच्चों को मुनि मंथन प्रभ सागर म.सा ने 24 तीर्थंकर भगवान व उनके लांछन (चिन्ह) तथा प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के बारे में बताया। वहीं बड़े बच्चों की रात्रि भोजन त्याग के बारे में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। साध्वी शंखनिधि ने आठ कर्मों से अवगत करवाया।

**तीन दिवसीय अभिषेक अनुष्ठान आज से :** विश्वकर्मा गेट के बाहर राम मंदिर में स्थापित सवा इक्कीस फीट के रूद्राक्ष के शिवलिंग के समक्ष सोमवार से बुधवार तक रूद्राभिषेक किया जायेगा। मंदिर में स्थापित नर्बदेश्वर महादेव के भी रूद्राक्ष का विशेष श्रृंगार जयपुर व बनारस के कलाकार करेंगे। सोमवार को भोलेनाथ की आकर्षक झांकी सजाई जायेगी। झांकी में दो इलेक्ट्रिक शेर हलचल करते दिखाई देंगे।

मंदिर के संस्थापक पवन पुरोहित ने बताया कि बीकानेर शहर के विभिन्न मोहल्लों के साथ आस-पास के गांवों के श्रद्धालु भी मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सवा इक्कीस फीट के शिवलिंग के पीछे केदारनाथ के पहाड़ों को विशाल पर्दे के माध्यम से दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रदोष व्रत व बुधवार को मासिक शिवरात्रि पर वेद पाठी ब्राह्मण रूद्राभिषेक करेंगे। मंदिर में रंग बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है। सोमवार को पूजन के बाद 1100 तुलसी के पौधे श्रद्धालुओं में वितरित किए जायेंगे।

## बीकानेर-दिल्ली रेल सेवा बाधित रहेगी

**बीकानेर,** (कासं)। उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर न्यू इलेक्ट्रोनिक इंटरलॉकिंग पैनल के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते बीकानेर से दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन तक की यात्रा बाधित रहेगी।

इसके लिए कुछ रेल गाड़ियों के स्टेशन बदले गए हैं। वहीं कुछ रेल गाड़ियों को सराय रोहिल्ला से पहले ही रोका जा रहा है। कुछ गाड़ियों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है। जो रेल सेवाएं रद्द की गई है। उनमें गाड़ी संख्या 12458, बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा शामिल है। 20 जुलाई से 27.07 तक रद्द रहेगी।

गाडी संख्या 12457, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा 21 जुलाई से 29 जुलाई तक रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22464, बीकानेर-दिल्ली सराय रेलसेवा 26 जुलाई, गाड़ी संख्या 22463, दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा 25 जुलाई व 27 जुलाई का रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 12259, सियालदाह-बीकानेर रेलसेवा जो 23 जुलाई व 27 जुलाई को सियालदाह से प्रस्थान करेगी। वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग नई दिल्ली-दिल्ली किशनगंज-दया बस्ती-पटेल नगर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12372, बीकानेर-हावडा रेलसेवा जो 24 जुलाई को बीकानेर से प्रस्थान करेगी, वह रेलसेवा परिवर्तित मार्ग पटेल नगर-दया बस्ती-दिल्ली किशनगंज-दिल्ली होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 12456, बीकानेर- दिल्ली सराय रेलसेवा जो 20 जुलाई से 27 जुलाई तक बीकानेर से प्रस्थान करेगी वह शकूर बस्ती तक ही संचालित होगी।

## सार-समाचार

### तिरंगा रैली से देशभक्ति का संदेश



**गीत 'बीकानेर री धरती प्यारी, धोरां रो है मान..' की शूटिंग के लिए तिरंगा बाइक रैली निकाली।**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर की सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक स्वरूप, एक अनूठी तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया जो जोधपुर बायपास ब्रिज से प्रारम्भ होकर देशनोक तक निकाली गई। यह आयोजन डिजिटल क्रिएटर्स मोनिका सोनी और राहुल शर्मा के निर्देशन में तैयार हो रहे गीत 'बीकानेर री धरती प्यारी, धोरां रो है मान..' की शूटिंग का हिस्सा रहा। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बीकानेर की संस्कृति, भाईचारे, और देशभक्ति की भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत करना था। रैली के दौरान ड्रोन से उड़ता हुआ विशाल तिरंगा दर्शकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र बना, जिसने आकाश में देशभक्ति की रंगीन छटा बिखेरी। रैली पंकज नागपाल और गौरव पारीक के विशेष सहयोग से संभव हो सकी। आयोजन में सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया गया। सभी बाइक राइडर्स को पूर्ण राइडिंग गियर, फुल फेस हेलमेट और निर्धारित दिशा-निर्देशों के साथ रैली में सम्मिलित किया गया। साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखा गया कि यात्रा के दौरान अन्य वाहनों या आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ड्रोन संचालन और वीडियो शूटिंग का कार्य रोहित वैष्णव, विनोद बिश्नोई और पियूष शर्मा की निगरानी में संपन्न हुआ, जिससे शूटिंग का हर दृश्य तकनीकी और कलात्मक रूप से भव्य बना।

### भाजपा गंगाशहर मंडल का पौधारोपण



**भाजपा गंगाशहर मंडल की ओर से पौधों का वितरित करते मोहन सुराणा।**

**बीकानेर,** (कासं)। तोलाराम जेठी देवी सुराणा चैरिटेबल ट्रस्ट और भाजपा गंगाशहर मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश एक पेड़ मां के नाम और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आव्हान हरियालो राजस्थान के निर्देशानुसार संयुक्त तत्वावधान मे आगाज एक बदलाव का 31000 वृक्षारोपण के लक्ष्य की ओर बढ़ते कदम में आज गोचर भूमि मे सेन वाटिका और खाटूश्याम गौसेवा समिति पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया। जिला महामंत्री मोहन सुराणा ने बताया कि अब तक हमारे ट्रस्ट द्वारा 13700 पौधे वितरित कर चुके हैं जिसमें बीकानेर जिले के भाजपा मंडलों में आसपास की स्कूलों, मंदिरों में, पार्कों में और ग्रामीण क्षेत्र की स्कूलों में पार्कों में और सार्वजनिक स्थलों पर पौधे वितरित किए गए। अभियान संयोजक गोविन्द सारस्वत ने बताया कि शहरवासी वृक्षारोपण के लिए गंगाशहर स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में निशुल्क पौधे ले सकते हैं। आज के पौधारोपण कार्यक्रम में जिला महामंत्री मोहन सुराणा, गंगाशहर मंडल अध्यक्ष प्रकाशचंद मेघवाल, मंडल महामंत्री, कार्यक्रम संयोजक गोविंद सारस्वत, मंडल महामंत्री जसकरण मारू और पूर्व मंडल महामंत्री मगाराम नाई और बूथ अध्यक्ष विमल पारीक के साथ सेन मंडल कोषाध्यक्ष महादेव सेन और सह कोषाध्यक्ष अशोक मारू और खाटू श्याम गौ सेवा समिति से नवरतन उपाध्याय, मनीष ओझा, अशोक उपाध्याय, विकास शर्मा और गोलू उपाध्याय ने पौधारोपण किया।

### कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन कल

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बीकानेर शहर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 22 जुलाई सुबह 11 बजे विश्नोई धर्मशाला से जिला कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन का कार्यक्रम रखा गया है। संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि निकाय चुनावों को परिसीमन की आड में टालने, जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने और बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया है। बीकानेर शहर एवं देहात कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत, बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में सम्पन्न होने वाले इस विरोध प्रदर्शन में सभी वरिष्ठ नेतागण, पूर्व मंत्री गण भी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस के प्रभारी भी मौजूद रहेंगे। संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में जिले से प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी, पीसीसी सदस्य, लोकसभा प्रत्याशी, विधायक/विधायक प्रत्याशी, जिला प्रमुख, नगर निगम एवं निकाय के अध्यक्ष या नेता प्रतिपक्ष, जिले के ब्लॉक अध्यक्ष, जिले में रहने वाले प्रदेश के अग्रिम संगठनों, विभागों, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पूर्व सांसद पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, पार्षद/ पार्षद प्रत्याशी और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता भागीदारी निभायेंगे।

# पीबीएम की जर्जर दीवारें देख संभागीय आयुक्त ने नाराजगी जताई

- पीबीएम हॉस्पिटल में यूरोलॉजी विभाग की अधूरी बिल्डिंग की छत पर पानी भरा था व दीवारें जर्जर थी
- आरएमआरएस के खर्च का एक साल का स्टेटमेंट मांगा

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में यूरोलॉजी विभाग की अधूरी बिल्डिंग की छत पर पानी भरा हुआ है। जनाना अस्पताल के बाहर बिखरा हुआ निर्माण कार्य का मलबा और जर्जर दीवारें देख संभागीय आयुक्त नाराज हुए। उन्होंने मौके पर ही पीडब्लयूडी के एडिशनल चीफ इंजीनियर अमरचंद बाकोलिया को फोन कर मरम्मत कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए।

दरअसल पीबीएम हॉस्पिटल के लिए पीडब्लयूडी को पिछले साल करीब 16 करोड़ रूपए मिले थे। इस राशि का उपयोग ऐसे कार्यों में कर दिया गया जो जरूरी नहीं थे। अस्पताल की दीवारें जर्जर हालात में हैं। छतों पर बिना टेक्निकल राय के सोलर प्लेट्स लगा दी गई। उसके बाद प्रशासन हरकत में आया है। संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने चार घंटे तक पूरे अस्पताल का भ्रमण किया। हालात देखे और सरकार की योजनाओं का फीडबैक भी लिया। उन्होंने साफ-सफाई, वित्त प्रबंधन, ऑपरेशन थिएटर और अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मरीजों की समस्याएं सुनी।

इस दौरान उन्होंने पीबीएम प्रशासन की बैठक लेकर मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के खर्चों को लेकर साल का स्टेटमेंट मांगा। सिटी एमआरआई का टेंडर समय पर नहीं लगाने पर भी सवाल किए। मां योजना का कार्ड समय पर एक्टिव नहीं होने का मुद्दा उठा तो उन्होंने कलेक्टर से बात की। संभागीय आयुक्त ने कहा कि सरकार के स्तर पर पेंडिंग मामले तत्काल उन्हें भेजे जाएं। बड़ा टेंडर लगाने से पहले हाईकोर्ट में कैविएट लगाई जाए ताकि टेंडर प्रक्रिया में विलम्ब ना हो।

यूरोलॉजी विभाग में किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करने को कहा। निरीक्षण में सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी, अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार, यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. मुकेश आर्य, डॉ. जितेन्द्र फलोदिया, डॉ. जितेन्द्र आचार्य व महेश देवानी उपस्थित रहे।

## एल.एल.बी. की कक्षाएं एक अगस्त से

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय विधि कॉलेज में एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं 1 अगस्त से लगेगी।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर लॉ यूनिवर्सिटी ने इस संबंध में निर्देश जारी की है। ऐसे में राजकीय विधि कॉलेज को 31 जुलाई तक प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। एलएलबी फर्स्ट सेमेस्टर में प्रवेश के लिए कॉलेज प्रशासन ने ऑफलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 240 सीटों पर अब तक 192 अभ्यर्थी आवेदन कर चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 22 जुलाई निर्धारित है। प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों के पास अब दो दिन का समय शेष है। सोमवार और मंगलवार।

रविवार को अवकाश होने के कारण कॉलेज में फॉर्म जमा नहीं हुए। प्राचार्य डॉ. भगवानाराम विश्नोई ने बताया कि प्रवेश का विस्तृत शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। अंतिम तिथि में बढ़ोतरी नहीं की जायेगी।

# जलभराव और गंदगी पर चिंता जताई

- सड़कों पर कीचड़, गंदगी और जलभराव से आमजन परेशान

**बीकानेर,** (कासं)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव राहुल जादुसंगत ने बीकानेर में बारिश के बाद उत्पन्न जलभराव की विकट स्थिति पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने कहा कि लगातार हो रही वर्षा के कारण आमजन को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर कीचड़, गंदगी और जलभराव ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। राहुल जादुसंगत ने बताया कि शहर के कई नालों से बहकर आ रहा कचरा और गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। इसके साथ ही बिजली के खंभों में करंट आने की घटनाएं सामने आई है। जिनके कारण अब तक कई गायों की मौत हो चुकी है।

यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक और खतरनाक है। उन्होंने मांग की है कि प्रशासन, नगर निगम और विद्युत विभाग समन्वय के साथ तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने विशेष रूप से उन इलाकों की ओर ध्यान दिलाया जहां जलभराव की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज से पवनपुरी रोड, मेडिकल कॉलेज सर्कल, गोलपार्क, सूरसागर के पास गिन्नाणी, नगर निगम रोड, तुलसी सर्कलख स्पोर्ट्स स्कूल से गजनेर रोड, आरओबी कोठारी अस्पताल रोड, पुलिस लाइन से रोशनीघर चौराहा रोड, फड़बाजार अन्य प्रभावित क्षेत्र है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर सीवर लाइनें जाम हैं और उनका पानी भी सड़कों पर बह रहा है। जिससे समस्या और गंभीर हो गई है।

# बीकानेर रेंज के नए आईजी होंगे हेमंत शर्मा

**बीकानेर,** (कासं)। आईपीएस हेमंत शर्मा बीकानेर के नए आईजी होंगे तथा भुवन भूषण यादव को एसीबी में डीआईजी के पद पर लगाया गया है।

राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 91 अधिकारियों तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 133 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसी प्रकार आईएएस महिमा कासना को एसडीएम नॉर्थ लगाया है। बीकानेर में आठ आरएएस भी बदले गए हैं। राज्य सरकार की ओर से जारी तबादला सूची के अनुसार हेमंत कुमार शर्मा को बीकानेर रेंज आईजी लगाया गया है। ओमप्रकाश पासवान का तबादला जोधपुर पुलिस आयुक्त के महत्वपूर्ण पद पर किया गया है। 2006 बैच के आईपीएस हेमंत शर्मा दूसरी बार बीकानेर आ रहे हैं। वर्ष 1994-95 में वे यहां वृत्ताधिकारी शहर के पद पर कार्यरत रहे हैं। इसलिए बीकानेर से भलीभांती परिचित हैं। वे अगले सप्ताह जॉइन करेंगे। इसी प्रकार सीकर एसपी भुवन भूषण यादव को एसीबी में डीआईजी के पद पर लगाया गया है। इससे एसीबी एसपी का पद भी अपग्रेड हो गया है। बता दें यादव बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि के पति हैं। तबादला सूची के अनुसार जिले में प्रशिक्षु सहायक कलेक्टर दिव्या बिश्नोई को पूगल एसडीएम और यहां कार्यरत राजेन्द्र कुमार द्वितीय को बांसवाड़ा में आनंदपुरी एसडीएम लगाया है। बज्जू एसडीएम संदीप चौधरी को सहायक निदेशक लोक सेवाएं नागौर लगाया है।

## 5100 पार्थिव शिवलिंग बनेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। श्रावण मास पर अमरेश्वर महादेव मंदिर हर्षोलाव तालाब और नारी शक्ति वुमन एंपावर बीकानेर शाखा की ओर से अमरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 5100 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जायेगा।

पुजारी मुकुंद सेवग ने बताया कि 22 जुलाई दोपहर एक बजे से पार्थिव शिवलिंग बनाने का कार्य शुरू होगा। इसके बाद महाआरती की जायेगी। पंचांग से अभिषेक किया जायेगा। नारी शक्ति वुमन एंपावर के अध्यक्ष मधु खत्री ने बताया कि शाखा की ओर से धर्म अध्यात्म जीव दया और सामाजिक उत्तरदायित्व के कार्य किए जाते रहे हैं।

सावन महीने में धार्मिक अनुष्ठान के रूप में शिवलिंग बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसमें बीकानेर शाखा के पदाधिकारी और सदस्यगण भी शामिल होंगे।

# जिला अस्पताल में प्रतीक्षालय और जल मंदिर का लोकार्पण

- गौरीशंकर व्यास ने अपने माता-पिता की स्मृति में मरीजों के परिजनों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय बनवाया

**बीकानेर,** (कासं)। जिला अस्पताल में प्रतीक्षालय और जल मंदिर का लोकार्पण किया।

जोशीवाड़ा निवासी गौरीशंकर व्यास एवं उनके परिवार ने अपने माता-पिता स्व. फकीर चंद व्यास एवं श्रीमती लक्ष्मी देवी व्यास की स्मृति में एसडीएम जिला अस्पताल में आठ लाख रूपये से अधिक की लागत से मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने के लिए प्रतीक्षालय हॉल एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था के लिए जल मंदिर का निर्माण करवाया। जिसका लोकार्पण वयोवृद्ध पं. नथमल पुरोहित के सानिध्य में रविवार को पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस मौके पर जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ सुनील हर्ष, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ घनश्याम तंवर व डॉ गुलाब खत्री ने इस पुनीत कार्य के लिए केशवानी व्यास परिवार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सम्मानित किया।

अधीक्षक डॉ. सुनील हर्ष ने बताया कि जिला अस्पताल में निरंतर भामाशाहों और दानदाताओं के सहयोग से मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस क्रम में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त गौरीशंकर व्यास एवं परिवार ने अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों के बैठने एवं जलपान हेतु प्रतीक्षालय के निर्माण एवं विकास का निर्णय लिया गया। अधीक्षक ने बताया कि जिला अस्पताल का भवन करीब पैंतीस साल पुराना है। यहां मरीजों की बढ़ती भीड़ और आवश्यकताओं को देखते हुए प्रतीक्षालय की आवश्यकता थी। मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को वार्ड में असुविधा होती थी और उन्हें जलपान और पानी के लिए बाहर जाना पड़ता था।

# योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है : दीपक शर्मा

- अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं विभिन्न योगासन करवाए




**महर्षि पतंजलि योग संस्थान की ओर से रविवार को गजनेर रोड स्थित जवाहर पार्क में योग गुरू दीपक शर्मा ने योगाभ्यास कराया।**

**बीकानेर,** (कासं)। महर्षि पतंजलि योग संस्थान की ओर से रविवार को गजनेर रोड स्थित जवाहर पार्क में विशेष योग शिविर का आयोजन योग गुरू दीपक शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। योग शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य और आत्मिक शुद्धता का अनुभव किया।

कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण से हुई, जिसके बाद गायत्री परिवार के देवेन्द्र सारस्वत ने गायत्री मंत्र के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र केवल एक मंत्र नहीं बल्कि जीवन को दिशा देने वाला शक्तिशाली साधन है। यह मानसिक शांति, आध्यात्मिक जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। योग सत्र का संचालन करते हुए योग गुरू दीपक शर्मा ने अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं विभिन्न योगासन करवाए और उनके शारीरिक तथा मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हमें समग्र रूप से स्वस्थ बनाती है। शिविर संचालक नंदलाल शर्मा ने कहा कि समाज में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ऐसे शिविरों की निरंतर आवश्यकता है।

वरिष्ठ योगाचार्य कन्हैयालाल सुथार ने कहा कि आज के तनावग्रस्त जीवन में योग ही वह साधन है जो हमें संतुलन और शांति प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम के दौरान गायत्री परिवार के देवेन्द्र सारस्वत एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योगदान देने वाले योग शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। योग शिविर के सफल आयोजन में गायत्री परिवार, द्रोणाचार्य तीरंदाजी संस्थान के लोकेश व्यास, इन्द्रचंद जाखड़, भंवरी देवी सुथार, किशन शर्मा, मोहित स्वामी, प्रदीप दैया, मोहित राजपुरोहित, मदनलाल भाटी, चित्रांश मोदी का योगदान रहा।

# कवि चौपाल साहित्य की प्रसिद्ध विधा गजल को समर्पित



**कवि चौपाल में समस्त गजलकारों को शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम के साप्ताहिक कार्यक्रम कवि चौपाल की 525 वीं कड़ी साहित्य की प्रसिद्ध विधा गजल को समर्पित रही। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी एवं राजस्थानी भाषा के वरिष्ठ गजलकार राजेन्द्र स्वर्णकार ने की।

प्रोग्राम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ उर्दू शायर ज़ाकिर अदीब थे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर नौजवान शायर बुनियाद ज़हीन, उर्दू शायर एवं समालोचक डॉ. जियाउल हसन कादरी, शायर मोहम्मद शकील गौरी बीकानेरी एवं मुनव्वर हुसैन सिद्दीकी मंच पर शोभित हुए। इस विशेष गजल गोष्ठी में स्वास्थ्य एवं साहित्य संगम राष्ट्रीय कवि चौपाल द्वारा सभी मंचासीन समस्त मेहमान गजलकारों को राष्ट्रीय कवि चौपाल गजल-सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान के तौर पर समस्त गजलकारों को शॉल, श्रीफल एवं माल्यार्पण द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान से पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ रामेश्वर साधक ने ईश वंदना से किया। कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों एवं आगंतुक गजलकारों ने अपनी एक से बढ़कर एक गजलें पेश करके समां बांध दिया। राजेन्द्र स्वर्णकार ने हिन्दी और राजस्थानी भाषा में गजलों की प्रस्तुति दी। अगर इंसान होता तू, तेरे आंसू निकल आते,.. पराये दर्द से रोते सुना देखा न पत्थर को' शेर को भरपूर पसंद किया गया।